समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 28 September 2026

# RCB CEO का बड़ा खुलासा! विराट कोहली अभी नहीं लेगें IPL से संन्यास, 3-4 साल और खेलेगें 'किंग कोहली'

Sanket Morankar Published on 20 Jun 2026



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के स्टार बल्लेबाज **विराट कोहली** के IPL भविष्य को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों के बीच फ्रेंचाइजी के CEO **राजेश मेनन** ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ संकेत दिए हैं कि विराट कोहली अभी IPL से संन्यास लेने के मूड में नहीं हैं और वह **कम से कम अगले तीन से चार साल तक** RCB के लिए खेलते रह सकते हैं।

विराट कोहली पहले भी कई बार कह चुके हैं कि वह अपने IPL करियर में किसी अन्य टीम के लिए नहीं खेलेंगे और हमेशा RCB का हिस्सा बने रहेंगे।

RCB और विराट एक ही सिक्के के दो पहलू

CNBC TV18 से बातचीत में RCB CEO राजेश मेनन ने कहा,

> "RCB और विराट कोहली एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। शुरुआत से लेकर आज तक वह इस फ्रेंचाइजी की सबसे बड़ी पहचान रहे हैं। उन्हें RCB के बिना देखना मुश्किल है।"

उन्होंने आगे कहा कि क्रिकेट से संन्यास के बाद भी विराट किसी न किसी भूमिका में RCB से जुड़े रह सकते हैं।

"तीन से चार साल और खेलेंगे"

राजेश मेनन ने विराट की फिटनेस और प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा,

> "मुझे पूरा भरोसा है कि विराट कम से कम अगले तीन से चार साल तक IPL खेलेंगे। उनकी फिटनेस शानदार है, रन बनाने की भूख आज भी वैसी ही है। इस सीजन में उनकी ऊर्जा, बल्लेबाजी और मैदान पर उनका रवैया सबने

> देखा है।"

लगातार दो IPL खिताब जीतकर रचा इतिहास

IPL 2026 में RCB ने गुजरात टाइटंस को फाइनल में पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरा खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही टीम ने 2025 और 2026 में लगातार दो बार ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया।

RCB ने 18 साल के लंबे इंतजार के बाद 2025 में पहली बार IPL ट्रॉफी जीती थी और फिर 2026 में अपने खिताब का सफल बचाव करते हुए मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद लगातार दो IPL खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बन गई।

विराट का भावुक संदेश

खिताब जीतने के बाद विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर टीम के साथ अपने सफर को याद करते हुए भावुक संदेश साझा किया।

उन्होंने लिखा,

> "हमने सीजन की शुरुआत विश्वास के साथ की और लगातार दो खिताब जीतकर खत्म किया। इस टीम ने हर खुशी, हर दबाव और हर चुनौती को साथ मिलकर जिया। यह और भी खास है क्योंकि RCB ही मेरा घर है।"

38 साल की उम्र में भी बरकरार है जुनून

38 वर्षीय विराट कोहली आज भी दुनिया के सबसे फिट क्रिकेटरों में गिने जाते हैं। IPL 2026 में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को दूसरी लगातार ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

RCB प्रबंधन का मानना है कि विराट की फिटनेस, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण उन्हें आने वाले कई वर्षों तक शीर्ष स्तर पर बनाए रखेगा। ऐसे में RCB के प्रशंसकों के लिए यह खबर किसी बड़ी खुशखबरी से कम नहीं है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.